तेलंगाना राज्य वन अकादमी के प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारीयो का शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर भ्रमण

दिनांक 29.06.2019

तेलंगाना राज्य वन अकादमी के 35 प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारियों के दल ने दिनांक 29.06.2019 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया। भ्रमण के प्रारम्भ में संस्थान के सेमीनार कक्ष में प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग श्री बेगा राम जाट(उप वन संरक्षक) ने प्रशिक्षणार्थियों का सम्बोधन किया, एवं संस्थान के बारे में बताया | डॉ बिलास सिंह सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, विस्तार विभाग, ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के द्वारा संस्थान के वर्गिकरण एवं उपलब्धियों के बारे में बताया एवं प्रशिक्षणार्थी द्वारा पूछे गए सवालो का जवाब देकर उन्हे मार्गदर्शित किया | तत्पश्चात दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केंद्र का भ्रमण किया। जहा डॉ बिलास सिंह सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, विस्तार प्रभाग ने उन्हें वहाँ प्रदर्शित शोध संबंधी जानकारी दी , जिसमें आफरी द्वारा विकसित विभिन्न तकनीक और अनुसंधान गतिविधियाँ शामिल थी।

भ्रमणकारी दल ने संस्थान की प्रयोगिक पौधशाला का भी भ्रमण किया जहां, तकनीकी अधिकारी श्री सादुलराम देवड़ा ने उन्हें नर्सरी गतिविधियों, वर्मीकंपोस्टिंग, ग्रीन हाउस, मिस्ट चेम्बर और औषधीय पौधों के उपयोग और संवर्धन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़ तकनीशियन विस्तार विभाग, का भ्रमण में सहयोग रहा |



डॉ बिलास सिंह विस्तार एवं निर्वचन केंद्र का भ्रमण कराते हुए

डॉ बिलास सिंह संस्थान के बारे में बताते हुए

श्री सादुल राम नर्सरी तकनीक समझाते हुए